**चित्रकूट 21 मार्च।** नेत्र ज्योति के लिये सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय और जिला प्रशासन चित्रकूट के सहयोग से चलाये जा रहे अंधकार से प्रकाश की ओर–चित्रकूट महाअभियान के तहत चित्रकूट जिले के **शिवरामपुर ब्लाक के हरिहरपुर, eÅ ब्लाक के पूरब पतई, मानिकपुर ब्लाक के लखनपुर, पहाड़ी ब्लाक के बक्टा बुर्जुग एवं रामनगर ब्लाक के सुजानगंज गांव** में कैम्पों का आयोजन किया गया। पाँचो ब्लाको में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय की अलग–अलग टीमो ने जाकर मरीजों की आँखों की जांच की। नेत्र शिविर विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पाँचो कैम्पों में कुल 305 मरीजों का पंजीकरण हुआ जिसमें मोतियाबिन्द से प्रभावित 62 मरीजो को भर्ती कर सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय लाया गया है। इन सभी मरीजो का नेत्र चिकित्सालय में निःशुल्क ऑपरेशन कर वापस कैम्प स्थान तक चिकित्सालय द्वारा निःशुल्क पहुँचाया जायेगा। **24 मार्च को भी शिवरामपुर ब्लाक के बिहारा, eÅ ब्लाक के कनियाड, मानिकपुर ब्लाक के सी.एच.सी. मानिकपुर, पहाड़ी ब्लाक के छिछरिहा एवं रामनगर ब्लाक के हनुमानगंज गांव में नेत्र शिविरों का आयोजन किया जायेगा।** इन सभी ब्लाकों में नेत्र चिकित्सालय की टीमें जाकर शिविरों का सम्पादन करेंगी। जिले के सभी ब्लाकों में कैम्पों का आयोजन 31 मार्च तक किया जाना है। सभी ग्रामवासियों से अपील है कि सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय और जिला प्रशासन चित्रकूट के सहयोग से चल रहे इस महाअभियान के तहत जिले को मोतियाबिन्द मुक्त करने में सभी लोग आगे आयें।





राजेन्द्र मिश्र
जानकीकुण्ड, चित्रकूट